# आरटीआई : आरईएस विभाग सीधी में समय पर नहीं मिलती जानकारी, अपील भी बेअसर

## आरईएस सीधी अग्निकाण्ड के दोषी के खिलाफ की गई जांच एवं कार्यवाही से संबंधित जानकारी के लिए लगाई गई आरटीआई की महीनों बाद भी नहीं दी गई जानकारी

नवभारत न्यूज

**सीधी 13 अक्टूबर। आरईएस विभाग सीधी में आरटीआई की जानकारी समय पर नहीं मिलती। यहां अपील भी बेअसर है। आरईएस सीधी अग्निकाण्ड के दोषी के खिलाफ की गई जांच एवं कार्यवाही से संबंधित जानकारी के लिए लगाई गई आरटीआई की महीनों बाद भी जानकारी नही दी गई है।**

दरअसल आरटीआई कार्यकर्ता आदित्य नारायण सिंह सीधी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 8 की धारा (1) के अंतर्गत कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी के यहां आवेदन देकर 30 जुलाई 2025 को जानकारी मांगी गई थी। मांगी गई जानकारी में कार्यपालन यंत्री कार्यालय ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी के चेक, डीडी एवं महत्वपूर्ण दस्तावेज में सितम्बर 2024 में आग से जलाकर नष्ट करने की हुई विभागीय जांच से संबंधित समस्त जांच प्रतिवेदन एवं नस्ती की सत्यापित छायाप्रति सहित जानकारी उपलब्ध करायी जाय। इसके लिये आवश्यक प्रोसेस फीस में स्टाम्प भी लगाया गया था। समय-सीमा बीतने के बाद भी वांछनीय जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। लिहाजा आरटीआई कार्यकर्ता आदित्य नारायण सिंह ने आरटीआई के नियमानुसार अपीलीय अधिकारी कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी के पास निर्धारित शुल्क का स्टाम्प लगाकर अपील की गयी।

प्रथम अपील अंतर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का आवेदन प्रस्तुत करने के बाद निर्धारित समय-सीमा में वांछनीय जानकारी उपलब्ध कराने की जरूरत नहीं समझी जा रही है। अपीलार्थी को 30 दिन बाद भी वांछनीय जानकारी ना मिलने पर यह प्रथम अपील प्रस्तुत की गई है। अपीलार्थी का कहना है कि निर्धारित समय-सीमा व्यतीत होने के बाद भी लोक सूचना अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी द्वारा वांछनीय जानकारी उपलब्ध नहीं करायी गयी और ना ही जानकारी देने व ना देने का कोई पत्र व्यवहार किया गया। तब अपीलार्थी के द्वारा प्रथम अपीलीय अधिकारी कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी के पास अपील करते हुये जानकारी उपलब्ध कराने हेतु आवेदन किया है। नियमानुसार प्रथम अपील प्रस्तुत करने के बाद भी अपीलीय अधिकारी द्वारा जानकारी नहीं दी जा रही है। जबकि वांछनीय जानकारी पाने के लिये अपीलार्थी द्वारा कई बार मुलाकात भी की जा चुकी है फिर भी जानकारी नहीं दी जा रही है।




### आरईएस विभाग सीधी में नही लागू है आरटीआई अधिनियम !

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी कार्यालय में सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन देने एवं प्रथम अपील करने के बाद भी आवेदक को वांछनीय जानकारी नहीं दी जा रही है। संबंधित अधिकारियों को कार्य व्यवहार जिस तरह से उससे आभाष हो रहा है कि आरईएस विभाग सीधी में आरटीआई अधिनियम लागू ही नहीं है। यहां आरटीआई के आवेदन आने के बाद में संबंधित अधिकारियों द्वारा उसको फाइल में कैद कर लिया जाता है। संबंधित अधिकारी इस प्रयास में रहते है कि आरटीआई के तहत आवेदन आने के बाद जानकारी ना दी जाय, जिससे आवेदक चक्कर काटकर मायूस हो जाए।

### अपील के बाद भी नहीं दी जा रही जानकारी

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत वांछनीय जानकारी के लिये आवेदन नियमानुसार प्राप्त होने के बाद भी लोक सूचना अधिकारी द्वारा जानकारी देने की जरूरत नहीं समझी गई। समय-सीमा बीतने के बाद आरटीआई कार्यकर्ता आदित्य नारायण सिंह द्वारा नियमानुसार प्रथम अपील कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सीधी के यहां की गई। हैरत की बात तो यह है कि अपील के बाद भी मांगी गई जानकारी नहीं दी जा रही है। ऐसे में सवाल खड़े हो रहे हैं कि कार्यालय में हुये अग्निकांड की जांच रिपोर्ट को बाहर संबंधित अधिकारी लाना नहीं चाहते। उनके द्वारा इसी वजह से समय-सीमा को दरकिनार किया जा रहा है।

### इनका कहना है

आरटीआई की जानकारी नियमानुसार दी जानी चाहिये। यदि जानकारी नियमानुसार नहीं है तो उसमें भी लिखित रूप से आवेदनकर्ता को सूचित किया जाना चाहिये। इस संबंध में मैं कार्यपालन यंत्री सीधी से बात करूंगा।

**अनिल निगम, अधीक्षण यंत्री**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा रीवा, संभाग रीवा**

# सामाजिक समरसता के भाव से सशक्त होगा राष्ट्र : बृजकांत

## संघ के शताब्दी वर्ष पर सीधी नगर में आरएसएस का निकला पथ संचलन





नवभारत न्यूज

**सीधी 13 अक्टूबर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बैनर तले स्थानीय सीधी नगर में ऐतिहासिक पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस बार का पथ संचलन खास था क्योंकि इस विजयदशमी पर संघ शताब्दी वर्ष मना रहे हैं। इस ऐतिहासिक पथ संचलन में पहली बार सीधी नगर में हजारों स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया।**

स्वयंसेवकों के अनुशासन एवं कदमताल के बीच जिन मार्गों से संचलन निकला वह मार्ग फूलों से पट गया। घर की छतों से लेकर शहर के प्रमुख मार्गों पर बने मंच एवं 50 से अधिक स्थानों पर परम पवित्र भगवा ध्वज पर पुष्प वर्षा कर आमजन एवं मातृ शक्तियों ने जय घोष के साथ स्वागत किया। सीधी नगर के अतिरिक्त सीधी जिले के समस्त खंडो में पथ संचलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस संचलन में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक के स्वयंसेवक शामिल हुए। छत्रसाल स्टेडियम से संचलन शुरू हुआ जो शहर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ अस्पताल तिराहा, सम्राट चौक, कोतवाली मार्ग, सर्वोदय चौक, अमहा तिराहा, पटेल पुल, लालता चौक, सोनाचंल बस स्टैण्ड, गांधी चौक होते हुए पुनः छत्रसाल स्टेडियम पर पहुंचा, वही स्वल्पाहार के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता महाकौशल प्रांत के प्रांत प्रचारक बृजकांत जी ने कहा कि संघ ने 100 वर्ष पूर्ण कर लिए है। आज विश्व में संघ का डंका बज रहा है जब डॉक्टर साहब ने इसकी स्थापना की तब डॉक्टर साहब को कई आलोचनाओं का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने आलोचनाओं को परे रखते हुए वैश्विक दृष्टिकोण के साथ संघ की स्थापना की।

कई बार उन्हें जेल जाना पड़ा लेकिन जेल में रहकर भी उन्होंने राष्ट्र प्रेम की भावना को जागृत रखा और निरंतर लग रहे।

उन्होंने कहा कि हमें जाति, धर्म, संप्रदाय से ऊपर उठकर राष्ट्र भावना को सर्वोपरि रखना चाहिए। राष्ट्र और देश में बहुत अंतर है इस अंतर को हमें समझना चाहिए। इतिहास गवाह है कि बटा हुआ हिन्दू एक सशक्त एवं शक्तिशाली राष्ट्र का निर्माण नहीं कर सकता। शाखा संघ की प्राण है शाखा से ही व्यक्तित्व निर्माण होता है और एक अच्छा व्यक्तित्व एक अच्छे समाज एवं राष्ट्र का निर्माण करता है। संघ पंच परिवर्तन की बात कर रहा है पंच परिवर्तन से ही समाज में परिवर्तन आएगा, जिस समाज की कल्पना हम कर रहे हैं उसे हम साकार कर सकते हैं। पंच परिवर्तन के पांच सिद्धांतों को प्रत्येक स्वयंसेवक को अपने से शुरुआत करनी चाहिए। सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण एवं स्व का बोध।

# मारपीट के आरोपियों को सजा

**सीधी 13 अक्टूबर।** फरियादी रामसजीवन यादव निवासी ग्राम बघेला पहरहा टोला अंतर्गत थाना मझौली अपनी बेटी प्रियंका यादव के साथ थाना उपस्थित होकर 04.06.2018 को आरोपी जयराम वैस, ददोल उर्फ राजेश वैस एवं अशोक वैस के विरूद्ध गाली गुप्ता, मारपीट, जान से मारने की धमकी जबानी रिपोर्ट लेखबद्ध कराया। रिपोर्ट पर थाना मझौली में अपराध धारा 294, 323, 325, 506, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की संपूर्ण विवेचना पश्चात अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय मझौली में प्रस्तुत किया गया। जिसके न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 196/2018 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए सहा. जिला अभियोजन अधिकारी ओमप्रकाश बागरी के द्वारा अभियुक्तगण को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। जिसके परिणामस्वरूप न्यायालय जेएमएफसी मझौली के द्वारा अभियुक्तागण जयराम वैस पिता रामप्रताप वैस उम्र 73 वर्ष, ददोल उर्फ राजेश बैस पिता जयराम वैस उम्र 40वर्ष, अशोक वैस पिता जयराम वैस उम्र 45 वर्ष सभी निवासी ग्राम बघैला पहरहा टोला थाना मझौली जिला सीधी को धारा 323 एवं 325 भादवि में दोषसिद्ध ठहराते हुए प्रत्येझ अभियुक्त को कुल 3 वर्ष के कठोर कारावास एवं 1300-1300 रूपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया।

# योजनाओं का प्रभावी और पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो : सोमवंशी



नवभारत न्यूज

**सीधी 13 अक्टूबर। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता में आज सोमवार को जिला स्तरीय समयसीमा पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि शासन की प्राथमिक योजनाओं का क्रियान्वयन गति और गुणवत्ता दोनों के साथ किया जाए।**

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सीधी जिला शासन की सभी फ्लैग शिप योजनाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश के शीर्ष 5 जिलों में अपनी जगह बनाए। कलेक्टर ने कहा कि भोपाल में हाल ही में आयोजित कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों को धरातल पर उतारना हम सबकी साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों से कहा कि अपने विभाग की योजनाओं की विकासखंडवार गहन समीक्षा करें और 15 दिनों के भीतर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने उपखंड अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने उपखंडों में चल रही सभी योजनाओं, अभियानों और कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा एवं निगरानी करें ताकि क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही न हो। बैठक में कलेक्टर ने स्वावलंबी गौशालाओं तथा सभी नगरीय निकायों को गीता भवन के निर्माण हेतु आवश्यक जमीन का शीघ्र चिन्हांकन और आवंटन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौशालाओं के लिए भूमि चिन्हांकन में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में कलेक्टर ने उपसंचालक पशुपालन विभाग को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने विभिन्न मीडिया में प्रकाशित एवं प्रसारित नकारात्मक खबरों को पूरी गंभीरता से लेने के निर्देश दिए हैं। कहा कि ऐसी खबरों का परीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। यदि खबर तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है तथा जानबूझकर शासन की छवि खराब करने का प्रयास है तो संबंधित व्यक्ति से भी स्पष्टीकरण लिया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम और सीएम हेल्पलाइन की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों के निराकरण में तेजी और पारदर्शिता रखी जाए। सभी विभाग सितम्बर माह में ए ग्रेड प्राप्त करने का लक्ष्य रखें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायत निवारण में उदासीनता या लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में अपर कलेक्टर बी.पी. पाण्डेय, एसडीएम गोपद बनास राकेश शुक्ला, सिहावल प्रिया पाठक, मझौली आर.पी.त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर राजेश शुक्ला सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन समिति की हुई बैठक



नवभारत न्यूज

**सीधी 13 अक्टूबर। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी की उपस्थिति में जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई।**

बैठक में जिले में मादक पदार्थों की रोकथाम, अवैध तस्करी पर नियंत्रण तथा जन-जागरूकता से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मादक पदार्थों की तस्करी की प्रवृत्तियों से संबंधित सूचना एवं आसूचना का नियमित आदान-प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही अफीम, भांग, गांजा आदि की अवैध खेती पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी और मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोहों, व्यक्तियों एवं सदस्यों पर सतत निगरानी रखी जाएगी। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने कहा कि मादक पदार्थों की समस्या केवल कानून व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि यह सामाजिक जिम्मेदारी का प्रश्न भी है। समाज के सभी वर्गों का सहयोग लेकर इस अभिशाप को समाप्त करना होगा। पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने कहा कि पुलिस विभाग अवैध मादक तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है। जिले की सीमाओं पर निगरानी बढ़ाई गई है और संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहन जांच की जा रही है।


# बालरंग महोत्सव में गणेश स्कूल के 43 छात्रों का राज्य स्पर्धा में हुआ चयन



नवभारत न्यूज

**सीधी 13 अक्टूबर। विगत दिवस रीवा स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मार्तण्ड क्रमांक 1 में सम्पन्न हुए संभाग स्तरीय बालरंग महोत्सव 2025 में स्थानीय श्री गणेश सीनियर सेकेण्डरी स्कूल पड़रा एवं श्री गणेश हायर सेकेण्डरी स्कूल अमहा के 43 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विधाओं में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन दियाए जिसके चलते उन्हें राज्य स्तर पर चयनित किया गया।**

छात्रों ने अपनी प्रतिभा से न केवल परिजन, स्कूल बल्कि जिले का भी नाम रोशन किया है। चयनित छात्रों को विद्यालय प्रबंधन ने रविवार को हार्दिक शुभकामनाओं के साथ भोपाल सहित विभिन्न जिलो के लिए रवाना किया। प्रवक्ता राजकपूर चितेरा ने बताया कि संभाग स्तरीय बालरंग महोत्सव के लिए विद्यालय के विद्यार्थियों ने कब्बाली, लोकगीत, गज़ल, एकल वादन, लोकनृत्य समूह, एकल शास्त्रीय नृत्य, वाद-विवाद, प्रश्नमंच, निबंध, कविता पाठ, स्वरचित एवं काव्य पाठ आदि वरिष्ठ वर्ग एवं कनिष्ठ वर्ग प्रतियोगिताओं में नृत्य शामिल हुए। कब्बाली में पूर्वा दुबे, देवांश तिवारी, शिवांश सिंह, अरुणेन्द्र सिंह, शेजल जायसवाल, प्रकांक्षा मिश्रा, अभीतांजल मिश्रा, याशिका जिलानी रही। गजल में राधिका मिश्रा, संगतकार अभीतंजाल मिश्रा, अंशुमान मिश्रा रहे। साहित्यिक प्रतियोगिता एवं संस्कृत प्रतियोगिता में प्रतीक्षा त्रिपाठी, साइना बानो, शिवानी गुप्ता, शमी पाठक, शैली तिवारी, श्रेया शुक्ला, हर्षित गुप्ता, अभिनव मिश्रा, श्लोक तिवारी, सत्यदीप द्विवेदी, महफूज आलम, अंकित तिवारी, शैली तिवारी, वैष्णवी गुप्ता, अचुत्य द्विवेदी एवं सुयज्ञ द्विवेदी। लोकनृत्य समूह में प्राप्ति दुबे, श्रुति चौबे, अंशिका मिश्रा, आयुषी पनिका, आस्था सिंह, मान्या द्विवेदी, दीपांजलि सिंह, रिया सिंह, नव्या पटेल, साधना सिंह, कशिश गुप्ता, अनुष्का शुक्ला, अंशिका गुप्ता, दीपाली सोनी, दीपाली सोनी, साम्भवी जायसवाल का चयन राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। बता दें कि राज्य बालरंग प्रतियोगिता इस वर्ष भोपाल के आलावा अन्य जिलो में भी आयोजित किया जा रहा है। जिसमे साहित्यिक प्रतियोगिता इंदौर, सांस्कृतिक एवं मदरसा बोर्ड भोपाल व नर्मदापुरम, संस्कृत प्रतियोगिता उज्जैन में होगी। इस मौके पर संस्था के संचालक नीरज शर्मा ने कहा कि बालरंग बच्चों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। सहा. निदेशक अरुण ओझा, प्राचार्य जे.एन मिश्र, प्राचार्य डॉ.महेन्द्र कुमार तिवारी ने चयनित छात्र-छात्रओं की प्रशंसा करते हुए शुभकामनाएं दी।



# चंद्रमुखी सिंह बनी एएनएम संघ की अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

**सीधी 13 अक्टूबर। जिले में संयुक्त एएनएम संगठन संविदा, नियमित कर्मचारी संघ की बैठक का आयोजन गायत्री मंदिर के परिसर में किया गया। जहां ब्लॉक एवं जिले के सभी एएनएम कर्मचारी उपस्थित रही।**

सर्वसम्मत से निर्वाचन की प्रक्रिया हुई जहां श्रीमती चंद्रमुखी सिंह को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जैसे ही चंद्रमुखी सिंह का नाम घोषित हुआ सभी सदस्यों में खुशनुमा माहौल हुआ। तत्पश्चात जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मत से उपाध्यक्ष श्रीमती विमला लखेरा, सचिव श्रीमती मीनल सोनी, उपसचिव राजकुमारी साकेत, जिला कोषाध्यक्ष श्रीमती उर्मिला प्रजापति, अप पोशाक अध्यक्ष गीता साकेत, जिला मीडिया प्रभारी लीलावती सिंह, सविता वर्मा, प्रवक्ता श्रीमती सीताकली सिंह, श्रीमती दयावती सिंह, कार्यकारिणी सदस्य सुधा सिंह मझौली, प्रिया सिंह सिहावल, आशा पटेल, पूनम रानी गुप्ता, माधुरी सोनी, सत्यभामा मिश्रा, मृदुला सिंह, शीला सिंह, पद्मावती सिंह, सुनीता सिंह, रीना पटेल, श्याम त्रिपाठी, सुभद्रा सिंह, रेणुका चौधरी, रीना रावत, कमलेश सिंह आदि को मनोनीत किया गया। इस दौरान राजकुमारी साकेत, माला पटेल, संतोष कुमारी माझी, सैल पटेल, सविता वर्मा, सुहागवती सिंह, श्यामवती सिंह, कुसुमकली पटेल, जनकलली केवट, शीला सिंह, निर्मला गुप्ता, मालती पटेल, लीलावती सिंह, सुभद्रा सिंह, गीत साकेत, रीना रावत, प्रवीण द्विवेदी, रेनू पाण्डेय आदि सैकड़ो सदस्य उपस्थित रही।

# भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी की शक्ति, सामर्थ और गौरव का होना चाहिए भाव : योगेश

## सर्किट हाउस में आत्मनिर्भर भारत अभियान की पत्रकार वार्ता आयोजित, सतना महापौर एवं अभियान टोली संभागीय प्रभारी रहे मुख्य वक्ता




नवभारत न्यूज

**सीधी 13 अक्टूबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। देश को विकसित बनाने का मार्ग केवल और केवल आत्मनिर्भर भारत ही है। आत्मनिर्भर भारत अर्थात संपूर्ण और समग्र रूप से स्वदेशी राष्ट्र भाव। उक्त आशय के विचार भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित स्थानीय सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए अभियान टोली के संभागीय प्रभारी और सतना के महापौर, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश ताम्रकार ने भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता एवं सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक के विशिष्ट आतिथ्य, अभियान टोली के सदस्य अखिलेश पाण्डेय और जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्रमणि दुबे की उपस्थिति में कही।**

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि हर घर स्वदेशी, हर घर स्वदेशी इसी मंत्र से भारत विश्व गुरु बनेगा। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केवल और केवल स्वदेशी की शक्ति, सामर्थ और गौरव का भाव होना चाहिए। स्वदेशी केवल आर्थिक क्षेत्र में नहीं बल्कि यह हमारी संस्कृति और आत्मा का हिस्सा है। विदेशी वस्तुओं के पीछे भागने के बजाय हमें अपनी जड़ों से जुड़ना चाहिए। दुनिया में योग, आयुर्वेद, हस्तशिल्प, परम्परागत उद्योग यह सब आज वैश्विक पहचान बना रहे हैं। संभागीय प्रभारी श्री ताम्रकार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। हम सभी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन से जुड़ना चाहिए। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, डिजिटल अधो संरचना, लोकल फॉर वोकल जैसे अभियान इसी विरासत को आगे बढ़ाने के हिस्से हैं। उन्होंने कोविड काल का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की दृढ़ इच्छा शक्ति ने और हमारे वैज्ञानिकों के प्रयास ने जहां कोविड काल में दुनिया ने घुटने टेक दिए वहीं भारत ने एक नहीं 3-3 वैक्सीन बनाकर 140 करोड़ भारतीयों की जान बचाई और उसके साथ ही दुनिया के कई देशों को निशुल्क कोरोना वैक्सीन उपलब्ध करा करके अपनी विश्व गुरु और विश्व वसुदेव कुटुंबकम की बात को चरितार्थ किया। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते श्री ताम्रकार ने कहा कि भारत आज प्रगति के सभी क्षेत्र मे मोदी जी के कारण रक्षा, अनुसंधान, कृषि, डिजिटल इंडिया, जल, नभ, स्थल, वायू, अंतरिक्ष सहित प्रत्येक क्षेत्र में शानदार उपस्थिति दर्ज कराकर भारत आत्मनिर्भर बन रहा है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा और विजन को दर्शाता है। मुख्य वक्ता श्री ताम्रकार ने सभी देशवासियों का आह्वान किया कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़े। स्वदेशी परिधान, स्वदेशी वस्तु, स्वदेश में निर्मित किसी भी प्रकार का अलंकरण को अपनाते हुए गर्व महसूस करें।

पत्रकार वार्ता का संचालन जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र मणि दुबे और आभार प्रदर्शन टोली के सदस्य अखिलेश पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष विश्वबंधु धर द्विवेदी, उषा गोपाल पटेल, शिवदान साकेत, मनीला सिंह चौहान, जिला महामंत्री अनिल पाण्डेय, चंद्रपाल सिंह उइके, लोरिक प्रसाद यादव, जिला मंत्री पूजा सिंह कुशराम, उमाशंकर यादव, सूर्य प्रताप सिंह, सोशल मीडिया जिला संयोजक जितेन्द्र तिवारी, मण्डल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय सहित प्रिंट, इलेक्ट्रानिक और वेब मीडिया के सैकड़ो प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### हर घर में जगाया जा रहा स्वदेशी का भाव : देव कुमार

भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के अभियान के अंतर्गत हर घर, हर गली, हर मोहल्ले, हर दुकान में स्वदेशी का भाव जगाया जा रहा है।

### सभी जन स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को दें बढ़ावा : रीती

पत्रकार वार्ता में सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि स्वदेश में निर्मित हर प्रकार की वस्तु और स्वदेशी संस्कृति और धर्म के उपयोग पर अपने आप को, हम सभी को गौरवान्वित महसूस करना चाहिए। सभी जन स्वदेशी से ओत-प्रोत होकर स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा दें।